संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. अवन्तिका पृष्ठ ...5... दिनांक.............2021

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी की भागीदारी हो

## रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष ने नागरिकों को दिलाया स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

5-1-2021



मन में उमंग हो और कुछ करने की ईमानदार कोशिश की जाए तो कामयाबी रास्ता तलाशते खुद पास आ जाती है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी सबकी है। इसमें हर शख्स की भागीदारी भी होना चाहिए और इसके लिए उसके मन में कसक भी उठना चाहिए। स्वच्छता आज की जरुरत है, कोरोना सहित अन्य बीमारियों और महामारियों के इस काल में एक मात्र स्वच्छता ही हमारा जीवन बचा सकती है। इसलिए स्वच्छता बनाए रखे और रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी अपनी भागीदारी निभाए।

उक्त विचार रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी अनोखीलाल कटारिया ने व्यक्त किए। श्री कटारिया हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि प्रदर्शन व वितरण समारोह में आए नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शपथ दिला रहे थे। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने स्वच्छता का संदेश देने वाली आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया।

इस मौके पर समाजसेवी गोपाल टंच, राधावल्लभ खण्डेलवाल, बंशीलाल शर्मा, सुनील पाल अनिल कटारिया आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है।

इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमें मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार–पृष्ठ 10 दिनांक 5-1-2021

# अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

इन्दौर समा 5-1-2021

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्ता, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिरिंज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेंगे व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000-5000 हजार का जुर्माना करेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सिंघम टाईम्स --पृष्ठ ..15... दिनांक...5....1......2021

# नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर, कोई देखने वाला नहीं

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

4-1-2021

लोकेंद्र भवन रोड सड़क पर बह रहे नाली के पानी से आसपास के रहवासी व सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। लोकेंद्र भवन रोड पर बैंक कालोनी के पीछे से आ रही जो कि टीआईटी रोड़ क्षेत्र जुडी हुवी है। जिसका पानी इस नाले में आता है। यह लोकेंद्र भवन रोड के यह बार-बार नाली जाम होने का कारण सारा पानी मेन रोड फैलता है। रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण सड़क पर नाली का गन्दा पानी भरा रहता है जिसके कारण रोड़ निकलने वाले राहगीरो को परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र के नागरिको ने कई बार इस नाली के स्थाई हल हेतु निगम अधिकारियों को अवगत कराया। लेकिन आज तक इस समस्या का हल नहीं हुवा है। समाज सेवी व क्षेत्रीय निवासी मांगीलाल जैन ने निगमायुक्त से मांग की है कि लोकेंद्र भवन पर बार-बार हो रही जाम नाली के स्थाई हल हेतु पुरी नाली को जेसीबी से नाली की सफाई कर नाली में पाईप डाल कर चेम्बर बनाये जाए। जिससे बार-बार नाली जाम नहीं होगी व लोगो को परेशानी से निजात भी मिलेगी एवं लोकेंद्र भवन रोड़ की सड़क को भी सुधारा जाए। सड़क पर हो रहे गड्ढो को भर कर डामरीकरण किया जाये।



# 555 रिपोर्ट में 24 नए पॉजिटिव मिले, घट रहे कंटेनमेंट एरिया



5-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सोमवार को 555 सैंपल की रिपोर्ट में कोरोना के 24 नए मरीज मिले। संक्रमितों का आंकड़ा 4153 पहुंच गया है। 26 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अभी तक 3839 मरीज स्वस्थ हुए जबकि 78 की मौत हुई। जनवरी के चार दिन में 71 नए मरीज मिले है। 96 स्वस्थ हुए। नए मरीजों की संख्या फिर बढ़ने लगी है, जो चिंता का कारण है। एक्टिव मरीजों की संख्या 236 है।

24 घंटे में जो नए मरीज मिले है, उसमें शहर के वृद्धाश्रम, महू रोड, दो बत्ती क्षेत्र सुरभि परिसर, सागर कॉलोनी, आइटीआइ कैम्पस, काटजू नगर, कस्तूरबा नगर, डोंगरे नगर, श्रीमालीवास, लोककल्याण नगर, अलकापुरी और शिवगढ़, ग्राम बड़ावदा, हेवड़ाकलां, सैलाना, धामनोद, छिपापूरा जावरा के मरीज शामिल हैं। एक्टिव कंटेनमेंट एरिया अब लगातार कम हो रहे हैं। जिले में 302 कंटेनमेंट एरिया हैं, जहां पांच या इससे अधिक मरीज एक ही क्षेत्र में हैं।

इस महीने जिले की स्थिति

| तारीख | सैंपल | नए मरीज | स्वस्थ | मृत | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जनवरी | 593 | 07 | 29 | 0 | 239 |
| 2 जनवरी | 774 | 23 | 28 | 0 | 234 |
| 3 जनवरी | 430 | 17 | 13 | 0 | 238 |
| 4 जनवरी | 555 | 24 | 26 | 0 | 236 |

## जावरा में सोमवार को राहत, एक मरीज मिला

जावरा।। जावरा अनुविभाग में सोमवार को एक कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई। इसमें सरकारी अस्पताल में लगी एंटीजन रैपिड टेस्ट में नगर के हिंदू छिपापुरा के एक पुरुष की रिपोर्ट शामिल है। अब तक जावरा अनुविभाग में 612 कोरोना पॉजिटिव आ चुके हैं। बीएमओ डा. दीपक पालड़िया ने बताया कि सोमवार को 97 सैंपल लिए गए। सभी की जांच जावरा सरकारी अस्पताल में लगी एंटिजन रैपिड टेस्ट में की गई। इसमें एक पॉजिटिव तथा 96 निगेटिव रिपोर्ट आई।

पिपलौदा बीएमओ डा. योगेंद्रसिंह ने बताया कि पिपलौदा ब्लॉक में सोमवार को 65 सैंपल लिए गए। इसमें से 30 की जांच पिपलौदा अस्पताल में लगी एंटिजन रैपिड टेस्ट में की गई। सभी रिपोर्ट निगेटिव आई। शेष 35 रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजे हैं। इधर प्रशासन के अमले ने बाजारों में बिना मास्क पहने घूमने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की। इस दौरान सोमवार को राजस्व विभाग के अमले ने बिना मास्क के बाजारों में घूमने वाले 15 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की।

## निकाय चुनाव की घोषणा 3 मार्च के बाद

**भोपाल** | नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा अब 3 मार्च के बाद होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची रिविजन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसमें 3 मार्च को वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। चुनाव की घोषणा इसके बाद ही होगी। आयोग के सचिव दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2021 की स्थिति में वोटरों की संख्या के आधार पर यह वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके लिए रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति 5 जनवरी तक हो जाएगी।

# चुनावों के लिए अब नई मतदाता सूची बनेगी

## तीन मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन, चुनाव कार्यक्रम भी इसके बाद ही जारी होगा

5-1-2021

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निकाय चुनावों को लेकर अब 1 जनवरी 2021 को आधार बनाकर नई सूची बनाई जाएगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवमतदाताओं को भी सूची में शामिल किया जाएगा। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च, 2021 को होगा। इसके बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। इस मान से निकाय चुनाव मार्च के अंतिम सप्ताह तक होंगे।

सोमवार को सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दुर्ग विजय सिंह ने नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिये एक जनवरी, 2021 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये कार्यक्रम जारी किया।

### पांच हजार मतदाता कम हो गए थे

इससे पहले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता 28 अक्टूबर 2020 को सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे-आपत्तियों के बाद सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। तब विधानसभा चुनाव 2018 के मतदाताओं की संख्या 2.20 लाख के मान से घटकर 2.15 लाख हो गई थी। अब नए मतदाताओं के नाम जुड़ने से संख्या बढ़ेगी। इसी तरह मतदान केंद्रों की संख्या भी 256 से बढ़कर 272 हो गई थी। 16 केंद्र बढ़ाए गए थे। कोरोना संक्रमण के चलते एक बूथ पर 1000 से ज्यादा मतदाता नहीं रहेंगे। ऐसे में नए पुनरीक्षण में केंद्र की संख्या भी बढ़ सकती है।

### दावे-आपत्ति में भी उलझेंगे वार्डों के मतदाता

वर्ष 2020 में कई वार्डों में मतदाताओं के नाम अन्य वार्डों में जुड़ गए थे। हालांकि बाद में विशेष अनुमति लेकर पोर्टल पर सुधार किया गया था, लेकिन अब नए सिरे से दावे-आपत्ति में एक बार फिर से वार्डों में मतदाताओं के नाम को लेकर खींचतान तेज होगी। पूर्व में भाजपा की ओर से ही 80 आपत्तियां लगाई गई थी।

### भाजपा ने प्रशिक्षण वर्ग किए, कांग्रेस में बैठकों का दौर

निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने मंडल स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग कर कार्यकर्ताओं को काम पर लगा दिया है। इसी तरह कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर बैठकों का एक दौर हो चुका है। अब जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जा रहा है। शहर कांग्रेस ने वार्डों की समितियां बना दी है। वर्ष 2014 में 49 में से 30 वार्ड में भाजपा ने जीत दर्ज कर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इसके पहले वर्ष 2005 व 2010 में भी भाजपा का महापौर व परिषद बहुमत से रही। कांग्रेस ने 1995 में जीत हासिल की थी।

### इस तरह रहेगा पुनरीक्षण कार्यक्रम

- रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति 5 जनवरी तक की जाएगी।
- फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता-सूची का नगरीय निकायों के वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 फरवरी को।
- दावा-आपत्ति केन्द्रों पर 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे।
- दावे-आपत्तियों का निराकरण 20 फरवरी तक किया जाएगा।
- फोटोयुक्त अंतिम मतदाता-सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 3 मार्च को।

नई दुनिया
5-1-2021

# गंदगी फैलाने पर 19 व्यक्तियों पर 1000-1000 का जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

**स्वतंत्र एलान प्रतिनिधि**

रतलाम । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालतें हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कसारा बाजार क्षेत्र में गंदगी करने पर दीपक जैन, यशवन्त, मनीष, संजय कुमार, आदित्य, देवीराम–पन्नाजी, सौरभ कसेरा, न्यू राज बर्तन भण्डार, विशाल कसेरा, धुरा रणछोड़, सचिन, विजय कुमार, विजयश्री, बाबुलाल, जगदीश, सांवरिया बर्तन, राधेश्याम, बम्बईवाला बर्तन भण्डार व अशोक पर 1000–1000 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया––पृष्ठ ...13..दिनांक.5-1........2021

# चार साल में 20 हजार घरों तक पहुंचेगा पीने का पानी

## आज चार गांवों में 6.25 करोड़ की योजनाओं का होगा भूमिपूजन

5-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जल जीवन मिशन योजना के तहत रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 57 ग्रामों के 20 हजार घरों तक पीने का पानी नल से पहुंचाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग काम कर रहा है। इससे लिए 57 नलजल योजनाएं स्वीकृत हो गई हैं और 29 पर काम चालू हो गया है। चार योजनाओं का भूमिपूजन पांच जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें रत्तागढ़, अमलेटा, सेमलिया और बांगरोद शामिल हैं। अगले 2024 तक चार साल में इन सभी योजनाओं का पूरा करके 18 हजार घरों तक नल कनेक्शन का लक्ष्य शासन स्तर से मिला था जिसे 20 हजार घरों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है।

एसडीओ एसआर मेड़ा ने बताया कि पांच जनवरी को रत्तागढ़ में 100.97 लाख, अमलेटा में 94.93 लाख, 158.89 लाख और 283.50 लाख रुपये की नलजल योजना के लिए रेट्रोफिटिंग कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके पहले 29 योजनाओं पर काम चालू हो गया है, जिसमें पानी टंकी, ट्यूबवेल, पाइप लाइन सहित सभी कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीण नल जलप्रदाय योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। शासन के निर्देशानुसार 2024 तक सभी योजनाओं को तैयार कर ग्रामीणों को सौंप दी जाएगी। जिन चार योजनाओं का भूमि पूजन पांच जनवरी को किया जा रहा है, उसके तहत 2200 नल कनेक्शन दिए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी घर पर ही मिलने लगेगा।

## सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी और इसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।



## सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम 02 जनवरी । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दिए कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस में निर्देश

# जिले बनाएं विकास की योजना


## अच्छा परफार्म करने वाले ही पदों पर रहेंगे कायम

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रत्येक जिले की पृथक विकास योजना बनाई जाए। आगामी एक अप्रैल से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ होगा। नगरों के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी विकास का प्लान बनाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने के साथ ही अच्छी कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। जिला विकास योजना के निर्माण के साथ ही सुशासन, आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग, योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन, नागरिकों को समय पर आवश्यक सेवाएं देने, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सभी तरह के माफिया को नेस्तनाबूत करने की हमारी प्राथमिकता है। सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और शासन स्तर के अधिकारी इन लक्ष्यों के अनुकूल कार्य करते हुए परफार्म करें। अच्छा कार्य प्रदर्शन करने वाले ही पदों पर कायम रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोमवार को मंत्रालय में वर्चुअल कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के प्रथम सत्र में कहा कि यह आवश्यक है कि राज्य में गुंडागर्दी, नक्सलवाद, तस्करी आदि की समाप्ति के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रयास हों। कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मैदानी अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा प्रारंभ योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश को अव्वल रहना है। हमारे प्रयासों की पराकाष्ठा होना चाहिए ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त हों।

**स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी, अंधी गली में नहीं चलना है:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को हर योजना में नंबर वन रहना है। जिलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश को प्रधानमंत्री जी की योजनाओं में भी आगे रहना है। कलेक्टर्स भी स्थानीय स्तर पर जिले के विकास की योजनाएं बनाएं। हमें अंधी गली में नहीं चलना है। योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग हो। कमिश्नर और आईजी भी अपने अधिकार क्षेत्र में सभी कार्यों पर नजर रखें। विकास का वार्षिक प्लान तैयार करना है। एक अप्रैल से इस प्लान पर चलना है। हर माह समीक्षा होगी। इसी आधार पर जिले की रैंटिंग होगी, विभागों की भी रैंटिंग होगी। उन्होंने कहा कि हमें राजस्व भी बढ़ाना है। धनराशि की कमी का तर्क नहीं चलेगा। जिलों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

**कोरोना वैक्सीन:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी जिले नागरिकों को कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारियां करें। सबसे पहले प्राथमिकता वाले समूह टीके लगवाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने तय किया है कि वे पहले टीका नहीं लगवाएंगे। प्राथमिकता समूह को पहले इसका लाभ मिलना चाहिए। श्री चौहान ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले के प्रशिक्षण बाद आगे की प्रक्रिया को गति प्रदान करना है। टीकाकरण की व्यवस्था को लागू करने के लिए जिला स्तर के अमले को सक्रिय होना है।



### भू-माफियाओं से मुक्त करना है मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में कानून, व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश को माफिया मुक्त करना है। उन्होंने कान्फ्रेंस में साफ शब्दों में दोहराया कि गरीबों को कहीं परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित करें। अतिक्रमण के नाम पर सामान्य व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई न हो। गुंडे, रसूखदार के विरुद्ध एक्शन अवश्य लिया जाए। उन्होंने प्रभावी नक्सल विरोधी कार्रवाई पर बालाघाट एसपी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक, बालाघाट सहित उनकी पूरी टीम की बधाई की पात्र है। कॉन्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने बताया प्रदेश में माफिया विरोधी अभियान के तहत करीब 900 हेक्टेयर सरकारी भूमि रसूखदारों से मुक्त करवाई गई है। श्री चौहान ने कलेक्टर्स से मुक्त करवाई भूमि का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गुना ने बताया कि मुक्त करवाई गई भूमि पर कालेज बनाने की पहल की गई है। श्री चौहान ने रीवा कलेक्टर को बधाई दी जिन्होंने 42 एकड़ भूमि मुक्त करवाई। इसी तरह उन्होंने कलेक्टर मंदसौर को डेढ़ करोड़ प्रापर्टी की जब्ती के लिए की गई कार्रवाई पर बधाई दी। उन्होंने देवास, बड़वानी, सागर, ग्वालियर कलेक्टर्स को भी अच्छी कार्रवाई के लिए बधाई दी।

### वैध उत्खनन नहीं रोकें, अवैध के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो

सीएम ने रेत उत्खनन के संबंध में कलेक्टर्स [illegible] निर्देश दिए कि वैध ठेकेदारों को परेशान न क[illegible] अवैध खनन और परिवहन करने वालों [illegible] विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा, कमिश्न[illegible] भोपाल कवीन्द्र कियावत ने रेत उत्खनन के [illegible] वाहनों की चैकिंग के लिए बनाई गई व्यवस्था [illegible] राजस्व बढ़ा है। सीएम ने इस व्यवस्था को अन[illegible] जिलों को भी अपनाने को कहा।


### मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसी [illegible] स्थिति में मिलावट करने वालों को न बख्शें [illegible] मटर में हरा रंग, मिर्च में लाल रंग घातक [illegible] आलू में एसिड मिलने का काम इंदौर में हो र[illegible] था। इन मामलों का स्वास्थ्य विभाग फालोअ[illegible] करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में मिलावट [illegible] लिए दोषी फैक्ट्री तोड़ी गई, ये अच्छी कार्यवा[illegible] है। कॉन्फ्रेंस में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरु[illegible] संचालित अभियान की जानकारी देते हुए बता[illegible] गया कि नीमच, देवास, उज्जैन, भि[illegible] अशोकनगर और मुरैना जिलों में अच[illegible] कार्रवाई हुई है। उन्होंने अच्छा कार्य करने वा[illegible] को बधाई और पिछड़े जिलों को अधिक ध्या[illegible] देने के निर्देश दिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 3.....दिनांक 5-1.....2021

# गंदगी फैलाने वाले 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से निगरानी



**रतलाम।** नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है।

इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर निर्मलसिंह भाटी अलकापुरी व जगदीश डाट की पुल पर 500-500, साईनाथ नमकीन नयागांव अशोक, घनश्याम डाट की पुल, राजीव, कुशवाह पानी पतासा कालिका माता, नीरज बघेल इंदिरानगर मेन रोड पर 250-250, तेजसिंह राठौर दो बत्ती, नितिन डाट की पुल, बबलू, ग्वालियर पानी पतासा कालिका माता, दिलीप महू रोड पर 100-100, राजू काहर सनसिटी, अतीक खान, इकबाल, दिलीप महू रोड बस स्टैंड पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 11....दिनांक 5-1.......2021

**कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस : सीएम के सख्त तेवर**

भास्कर 5-1-2021

# सफाई व्यवस्था पर ग्वालियर कमिश्नर और रेत खनन पर कटनी एसपी को हटाया गया

भास्कर न्यूज | भोपाल. कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान काफी नाराज दिखे।



वर्चुअली 8 घंटे चली कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ग्वालियर निगम कमिश्नर संदीप माकिन को फटकार लगाई। शिवराज वेतन न मिलने से नाराज ग्वालियर नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा सड़कों पर कचरा फेंकने से नाराज थे। सीएम ने कमिश्नर से सवाल पूछा तो जवाब दिया कि ये 2004 के सफाईकर्मियों का मामला है। इस पर सीएम ने कहा कि वेतन में विलंब के कारण कचरा सड़क पर फेंकना बर्दाश्त नहीं कर सकते। बहुत हो गया। सीएम ने उन्हें पद से हटाते हुए मंत्रालय में उप सचिव बना दिया। शेष पेज 7 पर

**सीएम ने पूछा- अवैध उत्खनन पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे, एसपी जवाब नहीं दे पाए**

अवैध उत्खनन के मामले में मुख्यमंत्री ने कटनी एसपी ललित शाक्यवार को हटा दिया। कॉन्फ्रेंस में सीएम ने कटनी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से पूछा कि अवैध उत्खनन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है तो उन्होंने बताया कि मुझे तो ज्वाइन किए अभी एक महीना ही हुआ है। इस पर सीएम ने कहा कि कटनी और बालाघाट माइनिंग के नाम पर जाने जाते हैं। इसके बाद भी अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कटनी एसपी को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। शाक्यवार को कटनी एसपी के पद से हटाते हुए मुख्यालय पदस्थ कर दिया। -मध्यप्रदेश पेज भी पढ़ें

## सफाई व्यवस्था पर ...

**भिंड, अनूपपुर कलेक्टर को भी फटकारा**-सीएम ने स्ट्रीट वेंडर्स योजना का लाभ हितग्राहियों को न मिलने के मामले में भिंड कलेक्टर वीरेंद्र सिंह रावत और धान खरीदी के मामले में अनूपपुर कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर को फटकार लगाई।

**सीएम ने कहा- मैं बाद में वैक्सीन का टीका लगवाऊंगा**-मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा सभी जिलों में नागरिकों को वैक्सीन लगाने की तैयारी करें। सबसे पहले प्राथमिकता वाले समूहों को टीका लगवाएं। मैं पहले टीका नहीं लगवाऊंगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार [illegible]–पृष्ठ ..5.... दिनांक 5-1.........2021

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी की भागीदारी हो



रतलाम । मन में उमंग हो और कुछ करने की ईमानदार कोशिश की जाए तो कामयाबी रास्ता तलाशते खुद पास आ जाती है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी सबकी है। इसमें हर शख्स की भागीदारी भी होना चाहिए और इसके लिए उसके मन में कसक भी उठना चाहिए। स्वच्छता आज की जरुरत है, कोरोना सहित अन्य बीमारियों और महामारियों के इस काल में एक मात्र स्वच्छता ही हमारा जीवन बचा सकती है। इसलिए स्वच्छता बनाए रखे और रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी अपनी भागीदारी निभाए।

उक्त विचार रविवार को रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी श्रीअनोखीलाल कटारिया ने व्यक्त किए। श्री कटारिया आज हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि प्रदर्शन व वितरण समारोह में आए नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के वृहत शपथ दिला रहे थे। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने स्वच्छता का संदेश देने वाली आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया। इस मौके पर समाजसेवी गोपाल जी टंच, राधावल्लभ खण्डेलवाल, बंशीलाल शर्मा, सुनील पाल अनिल कटारिया आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

# गंदगी फैलाने पर 19 व्यक्तियों पर 1000-1000 का जुर्माना

राज एक्सप्रेस 5-1-2021

रतलाम( आरएनएन)। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कसारा बाजार क्षेत्र में गंदगी करने पर दीपक जैन, यशवन्त, मनीष, संजय कुमार, आदित्य, देवीराम-पन्नाजी, सौरभ कसेरा, न्यू राज बर्तन भण्डार, विशाल कसेरा, धुरा रणछोड़, सचिन, विजय कुमार, विजयश्री, बाबुलाल, जगदीश, सांवरिया बर्तन, राधेश्याम, बम्बईवाला बर्तन भण्डार व अशोक पर 1000-1000 रूपये का जुर्माना किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 10 दिनांक 5 / ........2021

**मामला मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत सत्यापन अभियान में निरस्त पंजीयन का**

# निर्माण श्रमिकों को दो स्तर पर मिलेगा अपील का मौका

**भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता**

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत सत्यापन अभियान में निरस्त पंजीयन वाले कर्मकार को अब दो स्तर पर अपील का मौका मिलेगा। श्रम विभाग द्वारा इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं।

वर्ष 2014 से ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण श्रमिकों को पंजीयन के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम आयुक्त/ मुख्य नगरपालिक अधिकारी को अधिकृत किया गया था। पंजीयन के लिए आवेदन पत्र की प्राप्ति पर संबंधित अधिकारी समुचित जांच बाद और आवेदन पत्र की वास्तविकता का समाधान होने के बाद पंजीयन स्वीकृत या अस्वीकृत करने की कार्यवाही करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अस्वीकृत करने के मामले में जारी आदेश के विरुद्ध

## श्रम विभाग ने जारी किए आदेश

अपील का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा आदेश जारी के विरुद्ध प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को और द्वितीय अपील जिले के कलेक्टर को की जा सकेगी। इसी तरह शहरी क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील कलेक्टर और द्वितीय अपील संभाग के आयुक्त को की जा सकेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और द्वितीय अपील जिले के कलेक्टर को कर सकेंगे।

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अन्तर्गत पंजीकृत ऐसे हिताधिकारी जिनका पंजीयन सत्यापन के दौरान अपर्याप्त कारणों से निरस्त किया गया वे अपनी पात्रता के सभी साक्ष्यों सहित पदाभिहित अधिकारी के समक्ष अपनी अपील आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे और पदाभिहित अधिकारी उस पर विचार कर और अन्य ऐसी जांच कर जो वह आवश्यक समझे, करने के बाद अपने स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन निराकरण के लिए अपीलीय प्राधिकारी को प्रेषित करेगा।

## अपील स्वीकार होने पर पुराना पंजीयन हो जाएगा पुनर्जीवित

अपीलीय प्राधिकारी प्रतिवेदन प्राप्त होने पर पदाभिहित अधिकारी के जांच प्रतिवेदन अथवा ऐसी और जांच के बाद जैसे वह आवश्यक समझे/पूर्ण संतुष्ट होने पर समुचित आदेश जारी करेगा। जिससे वह अपील स्वीकार और अस्वीकार कर सकेगा। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा किए गए अपील के विनिश्चय के बाद पंजीयन के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा अपने श्रम सेवा पोर्टल लॉगिन पर उपलब्ध कराई गई यूटिलिटी में अपील के विनिश्चय की जानकारी आदेश प्रति सहित अपलोड की जाएगी। इसके आधार पर अपील स्वीकार होने की स्थिति में संबंधित अपीलार्थी का पुराना पंजीयन पुनर्जीवित हो जाएगा। अपीलीय आदेश में पात्र पाए गए निर्माण श्रमिक जिसका पंजीयन पुनर्जीवित हुआ है, सत्यापन बाद उसे जिस अवधि में अपात्र रहा था उस अवधि में मंडल द्वारा संचालित किसी भी योजना के लिए पात्र नहीं होगा।

# गंदगी फैलाने पर 19 व्यक्तियों पर 1000-1000 का जुर्माना

ड्रीम रिपोर्टर ■ रतलाम

5-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है।

**गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी**

इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कसारा बाजार क्षेत्र में गंदगी करने पर दीपक जैन, यशवन्त, मनीष, संजय कुमार, आदित्य, देवीराम-पन्नाजी, सौरभ कसेरा, न्यू राज बर्तन भण्डार, विशाल कसेरा, धुरा रणछोड़, सचिन, विजय कुमार, विजयश्री, बाबूलाल, जगदीश, सांवरिया बर्तन, राधेश्याम, बम्बईवाला बर्तन भण्डार व अशोक पर 1000-1000 रुपए का जुर्माना किया गया।

## हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजा पांडाल

# महारूद्र यज्ञ: ध्वजा रोहण-हवन कुण्ड में अग्नि प्रवेश से शुरूआत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. श्री सनातन धर्मसभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी के पावनतट पर 67 वें महारूद्र यज्ञ की शुरुआत सोमवार को हर-हर महादेव और सनातन धर्म की जय हो के जयकारों के साथ धर्मध्वजा रोहण एवं हवन कुण्ड में अग्नि प्रवेश कर मुख्य अतिथि संत कृष्णानंद, संत सुरेशानंद, विशेष अतिथि समाजसेवी अनिलकुमार झालानी, यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर औझा, समस्त भूदेवों, यजमान वीणा कुन्दन सोनी, समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, महिला मण्डल अध्यक्ष राखी व्यास द्वारा श्रद्धालुजनों की उपस्थित में किया गया।



धर्मसभा को संबोधित करते हुए संत कृष्णानंद ने कहा कि अति प्राचिन हमारे सनातन धर्म में केवल हमारे कल्याण की ही नही विश्व कल्याण की बात होती है। शिव शक्ति, भगवान मृत्युजंय की आराधना निश्चित ही कल्याणकारी है। महारूद्र यज्ञ, लघरूद्रु यज्ञ और अतिरूद्र यज्ञ तीनों ही श्रैष्ठ यज्ञ है।

### सनातन सत्य का धर्म

समाजसेवी अनिलकुमार झालानी ने कहा कि सनातन धर्म सत्य का धर्म है। प्रकृति की रचना के बाद जो धर्म बना वह सनातन धर्म ही है। समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने कहा कि हमारा सनातन धर्म अधर्म का नाश करने वाला धर्म है और प्राणीमात्र का कल्याण चाहने वाला संसार में एकमात्र यही धर्म है।

### इन्होंने किया स्वागत

अतिथियों का स्वागत समिति के उपाध्यक्ष रमेश व्यास, लालचंद टांक, नवनीत सोनी, पं. रामचन्द्र शर्मा सर्राफ, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, पं. राजेश दवे, बाबूलाल त्रिपाठी, बजरंग पुरोहित, प्रेम उपाध्याय, राजेश तिवारी, पुष्पेन्द्र जोशी, मनोहर पोरवाल, गोपाल जवेरी, सत्यंनारायण पालीवाल, गोविन्द लाल राठी, मनोज शर्मा, नारायण राठौड़, चेतन शर्मा, संरक्षक ताराबेन सोनी, व्यास हंसा, आशा शर्मा, रजनी व्यास, वंदना पोरवाल सहित यजमान के परिवारजन एवं गणमान्यजनों द्वारा किया गया।

**कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस: सीएम बोले- परफॉर्म करोगे तो ही टिकोगे**

# कटनी एसपी और ग्वालियर के नगर निगम कमिश्नर को हटाया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 5-1-2021

**भोपाल.** नए साल में मैदानी अफसरों से अपने पहले संवाद में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीखे तेवर दिखा दिए। कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में सोमवार को सीएम ने कटनी एसपी ललित शाक्यवार और ग्वालियर के नगर निगम कमिश्नर संदीप माकिन को हटाने के निर्देश दे दिए। भिंड कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह रावत को जमकर फटकार लगाई। कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम ने कहा, 'मेरा किसी से कोई राग-द्वेष नहीं है, लेकिन लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' शिवराज ने मंत्रालय में करीब 7 घंटे से ज्यादा अफसरों से संवाद किया। उन्होंने अफसरों से कहा, हमें प्रदेश का विकास करना है और जो परफॉर्म करेगा, वही टिकेगा। शिवराज ने ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर संदीप माकिन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, यह तो हद है कि जिनकी जिम्मेदारी कचरा हटाने की है, वे खुद कचरा फैला रहे हैं। कटनी एसपी पर अवैध खनन न रोक पाने के कारण नाराजगी जताई।

## भिंड कलेक्टर पर भी बरसे शिवराज

### 9 कलेक्टरों पर हुए नाराज

सीएम ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर भी कलेक्टरों से बात की। मुरैना, दतिया, ग्वालियर, रीवा, सिंगरौली, बालाघाट, कटनी, मंडला और जबलपुर के कलेक्टरों पर नाराजगी जाहिर की। बोले, किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।



### कलेक्टर से कहा- फालतू बात मत करो

**पीएम** स्वनिधि योजना में देश में मध्यप्रदेश नंबर-1 है, लेकिन इसे बरकरार रखने में भिंड का प्रदर्शन ठीक नहीं मिला। भिंड में केस मंजूरी में भी देर हुई है। इस पर सीएम नाराज हो गए। बोले, बैंकों से केस जल्द निपटाए जाएं। कलेक्टर ने कहा, हितग्राहियों के कहने पर देरी हुई है तो सीएम फिर नाराज हो गए। बोले- फालतू बात मत करो। इस पर कलेक्टर ने खेद जताया तो कहा, खेद जताने से काम नहीं चलेगा। काम करके दिखाओ। वे नाबालिग बालिकाओं के अपहरण को लेकर भी भिंड कलेक्टर पर नाराज हुए।

### सफाईकर्मी फैला रहे थे कचरा

ग्वालियर में वेतन नहीं मिलने से सफाईकर्मी चार दिन से हड़ताल पर थे। इस दौरान वे सांसद के घर और निगम कार्यालय से लेकर सड़कों तक कचरा फैला रहे थे। इसकी जानकारी लगने पर सीएम ने नाराजगी जाहिर कर निगम आयुक्त संदीप माकिन को हटाने के निर्देश दे दिए। इससे पहले भिंड कलेक्टर पर भी शिवराज खूब बरसे।

### जल्द प्रशासनिक सर्जरी संभावित

**कॉन्फ्रेंस** के बाद अब जल्द सर्जरी हो सकती है। इसमें ग्वालियर निगम आयुक्त के अलावा कुछ और आयुक्त और कलेक्टर बदले जा सकते हैं। आधा दर्जन से ज्यादा मैदानी अफसर इस दायरे में आने वाले हैं। सीएम पहले भी विधायकों व अन्य माध्यमों से फीडबैक ले चुके हैं। इस कारण कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर्स को उनकी खामियां भी बताईं।

---

**सीएम ने दिए कलेक्टर-कमिश्नर को वीसी में निर्देश**

# सभी जिले बनाएं विकास योजना, भू-माफियामुक्त बने मध्यप्रदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 5-1-2021

**रतलाम.** जिले की पृथक विकास योजना बनाई जाए। आगामी एक अप्रैल से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ होगा। नगरों के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी विकास का प्लान बनाया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को दिए हैं।

सीएम ने कहा कि नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने के साथ ही अच्छी कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। जिला विकास योजना के निर्माण के साथ ही सुशासन, आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग, योजनाओं का बेहतर रि यान्वयन, नागरिकों को समय पर आवश्यक सेवाएं देने, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, करने की हमारी प्राथमिकता है। सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और शासन स्तर के अधिकारी इन लक्ष्यों के अनुकूल कार्य करते परफार्म करें।

सीएम ने कहा कि यह आवश्यक है कि राज्य में गुंडागर्दी, नक्सलवाद, तस्करी आदि की समाप्ति के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रयास हों। कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश को अव्वल रहना है।

### अंधी गली में नहीं चलना

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश को हर योजना में नंबर वन रहना है। जिलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना चाहिए। कलेक्टर भी स्थानीय स्तर पर जिले के विकास की योजनाएं है। योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग हो।विकास का वार्षिक प्लान तैयार करना है। एक अप्रैल से इस प्लान पर चलना है। हर माह समीक्षा होगी। इसी आधार पर जिले की रेटिंग होगी, विभागों की भी रेटिंग होगी। उन्होंने कहा कि हमें राजस्व भी बढ़ाना है।

**पहला टीका मैं नहीं लगाऊंगा-** सीएम ने कहा कि सभी जिले नागरिकों को कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारियां करें। सबसे पहले प्राथमिकता वाले समूह टीके लगवाएंगे। उन्होंने तय किया है कि वे पहले टीका नहीं लगवाएंगे। प्राथमिकता समूह को पहले इसका लाभ मिलना चाहिए। टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले के प्रशिक्षण बाद आगे की प्रि या को गति प्रदान करना है। टीकाकरण की व्यवस्था को लागू करने के लिए जिला स्तर के अमले को सक्रिय

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार –पृष्ठ 1 ......दिनांक 5-1 ......2021



# गंदगी फैलाने पर 19 व्यक्तियों पर 1000-1000 का जुर्माना

इन्दौर समाचार 5-1-2021

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कसारा बाजार क्षेत्र में गंदगी करने पर दीपक जैन, यशवन्त, मनीष, संजय कुमार, आदित्य, देवीराम-पन्नाजी, सौरभ कसेरा, न्यू राज बर्तन भण्डार, विशाल कसेरा, धुरा रणछोड़, सचिन, विजय कुमार, विजयश्री, बाबुलाल, जगदीश, सांवरिया बर्तन, राधेश्याम, बम्बईवाला बर्तन भण्डार व अशोक पर 1000-1000 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलवा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ ..12.. दिनांक ..5..-1.....2021

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया––पृष्ठ ..15..दिनांक..5-1.......2021

अनदेखी | रहवासी और राहगीर हो रहे परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मुख्य मार्ग पर बह रहा नाली का पानी

रतलाम। लोकेंद्र भवन मुख्य मार्ग पर बह रहे नाली के पानी से आसपास के रहवासी व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोकेंद्र भवन रोड पर बैंक कॉलोनी के पीछे बनी नाली टीआइटी रोड क्षेत्र से जुड़ी हुई है। नाली का पानी उक्त नाले में आता है।

लोकेंद्र भवन रोड के नाली बार-बार जाम हो जाती है। इसके कारण नाली का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर फैल जाता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण गंदा पानी भरा रहता है। इससे जहां वातावरण में दुर्गंध फैलती है, वहीं आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर हो रहे गड्ढों में पानी भरे होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्र के नागरिक कई बार समस्या के स्थायी हल के लिए निगम अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का हल नहीं हुआ है।



लोकेंद्र भवन मुख्य मार्ग पर फैला नाली का पानी। • नईदुनिया 5-1-2021

### स्थायी हल निकालने की मांग

समाजसेवी व क्षेत्रीय निवासी मांगीलाल जैन ने निगमायुक्त लोकेंद्र भवन पर बार-बार जाम हो रही नाली के स्थायी हल की मांग की है। उन्होंने जेसीबी से नाली की सफाई कराकर नाली में पाइप डालकर चैंबर बनाने का सुझाव भी दिया है। इससे नाली बार-बार जाम नहीं होगी और लोगों को परेशानी से निजात मिल जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 3......दिनांक...5/1.....2021

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी की भागीदारी हो इन्दौर समाचार 5-1-2021

# रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष ने नागरिकों को दिलाया स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

रतलाम। मन में उमंग हो और कुछ करने की ईमानदार कोशिश की जाए तो कामयाबी रास्ता तलाशते खुद पास आ जाती है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी सबकी है। इसमें हर शख्स की भागीदारी भी होना चाहिए और इसके लिए उसके मन में कसक भी उठना चाहिए। स्वच्छता आज की जरुरत है, कोरोना सहित अन्य बीमारियों और महामारियों के इस काल में एक मात्र स्वच्छता ही हमारा जीवन बचा सकती है। इसलिए स्वच्छता बनाए रखे और रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी अपनी भागीदारी निभाए।



उक्त विचार रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी अनोखीलाल कटारिया ने व्यक्त किए। श्री कटारिया हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि प्रदर्शन व वितरण समारोह में आए नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शपथ दिला रहे थे। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने स्वच्छता का संदेश देने वाली आकर्षक रंगोली का निर्माण भी किया। इस मौके पर समाजसेवी गोपाल टंच, राधावल्लभ खण्डेलवाल, बंशीलाल शर्मा, सुनील पाल अनिल कटारिया आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाई अमल में लाई जा रही है। यह संकल्प शनिवार को दिलीपनगर के रहवासियों ने लिया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रंगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है. ऐसे में हमें मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

# आयुक्त की कार्रवाई : अनुपस्थित 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर होंगे सेवा से बर्खास्त

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

5-1-2021

नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है जिससे घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है, ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने सुबह निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा। जांच उपरान्त 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया।

कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहूल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम-सुन्दरलाल, दीपक-लच्छुलाल, विशाल-मुकेश, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप व जितेन्द्र-बंजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया।

## बर्खास्त करने के लिए सूचना पत्र जारी

ऐसे नागरिक व दुकानदार जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा कर है ऐसे व्यक्तियों लगाम लगाने के लिए गठित किए गए स्पॉट फाईन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनील शिन्दे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, मनीष आदिवाल व प्रमोद चोरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## यह थे मौजूद

इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर ----पृष्ठ ..1......दिनांक..5-1.......2021

## सीसीटीवी फुटेज देखकर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना



रतलाम | सार्वजनिक और सड़कों पर गंदगी व कचरा फैलाने पर सोमवार को नगर निगम स्वच्छता अमले ने 17 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया। इनमें निर्मल सिंह भाटी अलकापुरी व जगदीश डाट की पुल पर 500 रुपए, साईंनाथ नमकीन नयागांव अशोक, घनश्याम डाट की पुल, राजीव, कुशवाह पानी पतासा कालिका माता, नीरज कचेल इंद्रा नगर मेन रोड पर 250 रुपए, तेजसिंह राठौर दो बत्ती, नितिन डाट की पुल, बबलू, ग्वालियर पानी पतासा कालिका माता दिलीप महू रोड पर 100 रुपए, राजू काहर सनसिटी, अतीक खान, इकबाल, दिलीप महू रोड बस स्टैंड पर 50 रुपए स्पॉट फाइन लगाया गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया पुलिस विभाग के सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी खुले में कचरा फेंकने वालों पर निगाह रखी जा रही है। सतत निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में 3 पालियों में 24 घंटे कर्मचारी नजर रख रहे हैं।